भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **3199**

दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 / 25 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

वाल्मिकी नगर विमानपत्तन से हेलीकॉप्टर सेवा

3199. श्री सुनील कुमार :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का, वाल्मीकि नगर विमानपत्तन से पटना के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) , विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क): जी नहीं।

(ख) : प्रश्न नहीं उठता।

(ग): मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम को निरस्त कर दिए जाने के बाद, भारतीय अंतर्देशीय विमानन बाजार को अविनियमित कर दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप, हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों सहित एयरलाइनें इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन देशभर में सेवा और प्रचालन हेतु किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन करने के लिए किसी भी विमान के साथ अपने उड़ान बेड़े में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। इस प्रकार, यह एयरलाइनों पर निर्भर है कि वे मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन में, यातायात की मांग और अपनी व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएं प्रदान करें।

*****